अमर उजाला 09/01/2025

जीएमएन कॉलेज में कराया प्रकाश पर्व

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की ओर से श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया। यह व्याख्यान हिंदी विभाग, हिंदी साहित्य परिषद और पंजाबी विभाग ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-11 चंडीगढ़ के हिंदी विभाग के साथ मिलकर किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुरु गोबिंद सिंह के व्यक्तित्व और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डालना रहा।

चंडीगढ़ राजकीय कॉलेज के स्टाफ ने भी लिया भाग

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के पंजाबी विभाग के सहायक प्रोफेसर अमृतपाल सिंह विर्क ने गुरु गोबिंद सिंह के जीवन, उनके आदर्शों और शिक्षाओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

इसमें चंडीगढ़ राजकीय कॉलेज से हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम, डॉ. नीतू बंसल और जीएमएन कॉलेज से हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता, डॉ. अनीश, डॉ. राजेंद्र देशवाल और डॉ. जसवीर कौर ने भी कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।